कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
2 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712044, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724, 2712040

संख्या 1435/25-XXV-1(1-2)/2006 देहरादून : दिनांक 21 फरवरी, 2007

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2007– 59–बाजपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन से संबंधित प्रेस नोट का प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक 59–बाजपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन से संबंधित प्रेस नोट की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि कृपया उक्त प्रेस नोट को **दिनांक 22–02–2007 को प्रकाशित होने वाले समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क एवं प्रमुख रूप से प्रकाशित कराने का कष्ट करें।**

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

NRS

(एन0 रवि शंकर)
प्रमुख सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

प्रेस नोट

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की 59–बाजपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन, 2007 की घोषणा दिनांक 21–2–2007 को कर दी गयी है।

निर्वाचन की घोषणा के फलस्वरूप राज्य में तत्काल प्रभाव से दिनांक 21 फरवरी, 2007 से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक जनपद उधम सिंह नगर भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct) प्रभावी हो गयी है, जिसके अर्न्तगत समस्त दिशा–निर्देश समस्त मा0 मंत्रीगणों एवं दर्जा प्राप्त समस्त राज्य मंत्रियों पर भी तात्कालिक प्रभाव से प्रभावी होंगे।

आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 59–बाजपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन, 2007 का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

1	अधिसूचना जारी होने की तिथि	–	22.02.2007 (बृहस्पतिवार)
2	आयोग को दिनांक 22 फरवरी, 2007 को नोटिस संख्या 492/उत्तराखण्ड वि0स0/2007, के अनुसरण में केवल इण्डियन नेशनल कांग्रेस के द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थी के द्वारा नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि	–	01.03.2007 (गुरूवार)
3	आयोग को दिनांक 22 फरवरी, 2007 को नोटिस संख्या 492/उत्तराखण्ड वि0स0/2007, के अनुसरण में केवल इण्डियन नेशनल कांग्रेस के द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थी के लिए नाम निदेशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि	–	02.03.2007 (शुक्रवार)
4	आयोग को दिनांक 22 फरवरी, 2007 को नोटिस संख्या 492/उत्तराखण्ड वि0स0/2007, के अनुसरण में केवल इण्डियन नेशनल कांग्रेस के द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थी के द्वारा नाम वापसी की अंतिम तिथि	–	05.03.2007 (सोमवार)
5	मतदान की तिथि	–	25.03.2007 (रविवार)
6	वह दिनांक जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिये जायेंगे	–	31.03.2007 (शनिवार)

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान सम्पन्न किया जाना है। मतदान हेतु प्रत्येक मतदाता को अपनी पहचान कराना आवश्यक होगा।

दिनांक 21–02–2007

N. Ravi Shankar

(एन0 रवि शंकर)
प्रमुख सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी